CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:23 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 78 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 10 सितम्बर 2024

आलिया की फिल्म को उनकी...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 12.50 ग्राम स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गोला बाईपास रोड पर स्मैक की बड़ी खेप बरामद की और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मंगलवार की सुबह करीब 5:33 बजे के आसपास एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। पुलिस ने गश्त के दौरान गोलापुल से गोला वाईपास रोड पर स्थित एक टीन शेड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। व्यक्ति ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान जसमीत सिंह उर्फ वीरा (26 वर्ष) निवासी ग्राम बागजाला, थाना काठगोदाम, जिला नैनीताल के रूप में की। उसके पास से 12.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई पुलिस ने आरोपी जसमीत सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### खाना खाकर टहल रही महिला के गले से बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूटी

**रुद्रपुर।** कोतवाली क्षेत्र चौकी आदर्श कालोनी निवासी एक महिला के गले से बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली और फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि आदर्श कालोनी निवासी नफीसा पत्नी मकबूल अहमद सोमवार रात को खाना खाने के लिए टहलने के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि इसी बीच रास्ते में पीछे से आ रहे बाईक सवार दो बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। महिला ने शोर मचाया तो मौके पर लोग एकत्र हुए। लोगों ने बाईक सवार का पीछा किया, लेकिन वह नहीं मिले। बाद में नफीसा घर गई और अपने पति को मामले से अवगत कराया। इस पर मकबूल अहमद ने पुलिस के 112 में घटना की जानकारी दी। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए। कोतवाल मनोहर सिंह दशौनी ने बताया कि पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## अब बिना सिफारिश के मिल रही नौकरी, भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे: सीएम योगी

**लखनऊ** | एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में अब बिना सिफारिश नौजवानों को नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में परीक्षा होने और नियुक्ति पत्र मिलने की प्रक्रिया में पूरा एक साल लग जाता था पर अब छह महीने में



ही नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। पहले लोगों को नौकरी पाने के लिए सिफारिश लगानी पड़ती थी पर अब पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को लखनऊ के लोकभवन में 647 नवचयनित वन रक्षकों व वन्यजीव रक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम थोड़ी भी सावधानी बरत लें तो नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोई चेष्टा भी नहीं कर पाएगा।

इसके लिए प्रदेश सरकार ने अनुचित साधनों के नियम प्रावधान आने का काम किया है। चाहे वह नकल माफिया हो या पेपर लीक जैसी गतिविधियों की रोकथाम के लिए कानून लाए हैं। इस एक्ट के माध्यम से पेपर लीक करने वालों को एक करोड़ रुपए का जुर्माना और आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। हम लोगों ने परीक्षा पर निगरानी के लिए

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी इंतजाम किया है। परीक्षा के प्रदेश में जितने भी सेंटर हैं या फिर बनते हैं वहां बैठने वाले अभ्यर्थियों को हम लखनऊ में बैठ करके स्क्रीन पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनिटर कर सकते हैं। अभी हमने हाल ही में 60 हजार पुलिसकर्मियों को भर्ती करने की प्रक्रिया पूरी की है।

मृतकों की संख्या हुई पांच, तीन घायल

## सोनप्रयाग भूस्खलन क्षेत्र में आज मलबे से निकाले चार शव

**रुद्रप्रयाग/देहरादून** | हमारे संवाददाता

केदारनाथ से लौट रहे आठ यात्री सोनप्रयाग में ऊर्जा निगम के पावर हाउस के समीप भूस्खलन जोन में पहाड़ी से गिर रहे पत्थर व मलबे में फंस गए। सोनप्रयाग भूस्खलन क्षेत्र में आज मंगलवार को रेस्क्यू के दौरान मलबे में दबे चार शव और निकाले गए। मृतकों की संख्या अब पांच हो गई है। तीन घायल अस्पताल में भर्ती हैं। सोमवार देर शाम केदारनाथ से लौट रहे आठ यात्री सोनप्रयाग में ऊर्जा निगम के पावर हाउस के समीप भूस्खलन जोन में पहाड़ी से गिर रहे पत्थर व मलबे में फंस गए। सूचना पर उप निरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान एक शव बरामद किया गया, जिसकी शिनाख्त गोपाल (50 ) पुत्र भक्तराम, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। वहीं, जीवच तिवारी पुत्र रामचरित, मनप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह और



छगन लाल पुत्र भक्तरामन घायल हो गए, जिन्हें सोनप्रयाग पहुंचाया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सोनप्रयाग बाजार से लगभग एक किमी आगे भूस्खलन जोन में पहाड़ी से पत्थर व मलबा गिरने से वह फंस गए थे। क्षेत्र में अन्य यात्रियों की होने की संभावना को देखते हुए खोजबीन की जा रही थी, जिसमें आज मंगलवार को तीन शव बरामद हुए।

**घायल**-1. जीवच तिवारी(60) पुत्र रामचरित निवासी धनवा नेपाल , 2. मनप्रीत सिंह(30) पुत्र कश्मीर सिंह निवासी वेस्ट बंगाल, 3. छगनलाल (45) पुत्र भक्त राम निवासी राजोत जिला धार मध्य प्रदेश ,

**मृतक** - 1. गोपाल (50) पुत्र भक्तराम निवासी जीजोड़ा पो0 राजोद जिला धार मध्य प्रदेश, 2. दुर्गाबाई खापर (50) पत्नी संघन लाल निवासी नेपावाली, जिला घाट, मध्य प्रदेश 3. तितली देवी(70) पत्नी राजेंद्र मंडल निवासी ग्राम वैदेही जिला धनवा नेपाल, 4. भारत भाई निरालाल पुत्र निरालाल पटेल निवासी ए 301 सरदार पैलेस करवाल नगर खटोदरा सूरत गुजरात (52 ) 5. समनबाई (50)पत्नी शालक राम निवासी झिझोरा जिला धार मध्य प्रदेश

## तालाब में डूबकर चार बालिकाओं की मौत

**बहराइच/यूपी** | एजेंसी

तीन बालिकाओं की तालाब में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बालिका को ग्राम प्रधान की मदद से अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचते ही उसकी भी मौत हो गई।

बहराइच के नवाबगंज थाना क्षेत्र के सतीजोर गांव में स्थित तालाब में डूबकर चार बालिकाओं की मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया। सभी के शव तालाब से बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में लगी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतीजोर में तालाब स्थित है। इस समय तालाब में बेली फूल लगा हुआ है जिसे तोड़ने के लिए मंगलवार को गांव निवासी महक (14) पुत्री कालीन खान गई तो महक तालाब में डूबने लगी। इसी दौरान महक को बचाने के लिए सामिया (10) पुत्री इशरत, साइबा (10) पुत्री मेराज और सरिकुल खातून (13) मकबूल खां भी डूब गईं।

तालाब में डूबने से तीन बालिकाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक बालिका को ग्राम प्रधान और अन्य की मदद से अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी भी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। चार बालिकाओं की तालाब में डूबकर मौत हुई है। एक ही गांव में चार मौत से मातम छा गया है। एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय और थानाध्यक्ष शीला यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।



## जल संस्थान के संविदा श्रमिकों का सचिवालय कूच 12 सितंबर को

**हल्द्वानी** | हमारे संवाददाता

उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर एक सूत्रीय मांग को लेकर 12 सितंबर को सचिवालय कूच करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कुमाऊं भर से भी तमाम संविदा श्रमिक देहरादून जाएंगे।

संघ के शाखा सचिव हल्द्वानी पवन कुमार ने बताया कि शहर से करीब पांच दर्जन से अधिक संविदा श्रमिक सचिवालय कूच में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ से जुड़े श्रमिक विभाग में समायोजन की मांग लंबे समय से उठा रहे हैं। उन्होंने

**निर्णय**

- कहा श्रमिकों के सचिवालय कूच करने से विभागीय कार्यों पर कोई असर नहीं

कहा कि अब तक ठेकेदार के जरिए उनसे काम लिया जा रहा है। इससे सरकार व विभाग दोनों को नुकसान हो रहा है। पवन ने बताया कि इस संबंध में अधिशासी अभियंता को पत्र दिया गया है। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संविदा श्रमिकों से इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि संविदा श्रमिकों के सचिवालय कूच करने से विभागीय कार्यों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## छात्रों का प्रदर्शन: मणिपुर में सख्ती, तीन जिलों में लागू की निषेधाज्ञा

**मणिपुर** | एजेंसी

मणिपुर में शांति बहाली की मांग को लेकर छात्रों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद, राज्य के तीन जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। जानकारी के मुताबिक इंफाल के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है, जिससे लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने से रोका जा रहा है, जबकि थौबल में बीएनएसएस की धारा 163 (2) के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

मामले में पूर्वी इंफाल के डीएम की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति के कारण, 10 सितंबर की सुबह 11 बजे से कर्फ्यू में ढील देने के पहले के आदेश तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया हैं। इसलिए, अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से इंफाल पूर्व जिले में पूर्ण कर्फ्यू लागू रहेगा। वहीं इंफाल पश्चिम के डीएम



की तरफ से जारी एक अन्य आदेश में कहा गया है, पहले के सभी आदेशों को रद्द करते हुए, 10 सितंबर के लिए कर्फ्यू में ढील की अवधि आज सुबह 11 बजे से हटाई जाती है।

आदेश में कहा गया है, पिछले साल एक सितंबर से लोगों के अपने-अपने आवासों से बाहर आवागमन पर प्रतिबंध हटा लिया गया था। बता दें कि पहले 10 सितंबर के लिए कर्फ्यू में छूट तड़के पांच बजे से शाम 10 बजे तक थी, लेकिन नवीनतम आदेश ने इसे समाप्त कर दिया। हालांकि, मीडिया, बिजली, अदालत और स्वास्थ्य समेत आवश्यक सेवाओं को कर्फ्यू के दायरे से बाहर रखा गया है। दोनों जिलों में यह आदेश ऐसे समय में आए हैं जब मणिपुर में छात्र राज्य सरकार के पुलिस महानिदेशक डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार को हटाने की अपनी मांग को लेकर अपने प्रदर्शन को तेज करने की योजना बना रहे हैं। छात्रों का आरोप है कि डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को संभालने में असमर्थ हैं।

थौबल में निषेधाज्ञा लागू होने के कारण पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक है, क्योंकि पुलिस का दावा था कि सोमवार को जिले में प्रदर्शनकारी छात्रों में से किसी ने गोली चलाई जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। इस बीच कई स्कूलों और कॉलेजों के सैकड़ों छात्रों ने इंफाल के ख्वाइरामबंद महिला बाजार में लगाए गए शिविरों में रात बिताई। छात्र नेता चौधरी विक्टर सिंह ने मंगलवार सुबह पत्रकारों से कहा, हमने राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को अपनी छह मांगों पर जवाब देने के लिए 24 घंटे की समयसीमा दी है।

# पूजा-अर्चना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम




**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

वैश्य महासभा द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के तीसरे दिन प्रात:काल की पूजा-अर्चना की गई। जिसमें मुख्य यजमान मुकेश लहरिया सपत्नीक रहे। पूजा के दौरान बद्रीप्रसाद गुप्ता, रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना रामकिशोर अग्रवाल किशन लाल गुप्ता सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत वैश्य महासभा अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल ने बताया कि इस बार पूरन एण्ड संस परिवार द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में पर्यावरण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता 11सितम्बर, बुधवार को अपरान्ह 11बजे से रामलीला मैदान में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर ग्रुप में होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत राधाकृष्ण संगीत संस्थान, कत्थक नृत्य केन्द्र, (सुजाता माहेश्वरी) कला केन्द्र, डिलीवर डांस एकेडमी, नृत्यालय, वंशिका, भव्या, सात्विक डांस ग्रुप, गौरी, पंछी, नन्दिनी आर्या, पीहू, ओम डांस स्टूडियो द्वारा शानदार नृत्य कला प्रस्तुति दी गयीं।

कार्यक्रम के दौरान आज का मुख्य प्रसाद डाक्टर पंकज गुप्ता, डाक्टर गौरव सिंघल सपत्नीक, रामबाबू जायसवाल, बद्रीप्रसाद गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना, तनुज गुप्ता, अशोक वार्ष्णेय, रामकिशोर अग्रवाल, नीरज गर्ग, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहर, महाआरती मे शहर के सभी व्यापार मण्डल पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग स्थित जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती ताकुला स्थित महर्षि विद्या मंदिर के नन्हें- मुन्ने विद्यार्थियों ने सोमवार को रामलीला सांस्कृतिक समिति ज्योलीकोट द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव के विशेष मौके पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा कुमाऊंनी व गढ़वाली समूह नृत्य तथा गढ़वाली जागर प्रस्तुत किए गए। जागर में गणेश की भूमिका आयुष्मान कनवाल, शिव की भूमिका अनुष्का बिष्ट तथा भगवान विष्णु की भूमिका साकेत भट्ट द्वारा निभायी गयी। इस दौरान कुमाऊंनी नृत्य में चिराग विष्ट, उन्नति रावत, लोकेश कुमार, विनीता रौतेला, आरूष नैनवाल, तनिष्का गैलाकोटी, चिराग मेहरा, अंशिका पवार, ललित मोहन जोशी तथा तानिया चंद ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब वाहीवाही लूटी। इस मौके पर गणेश महोत्सव कमेटी द्वारा छात्रों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे ने बताया कि यह कार्यक्रम शिक्षक हरीश सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कुमाऊंनी एवं गढ़वाली जागर पर मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की। बच्चों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर लोक संस्कृति की परंपरा जीवंत किया। कहा कि शिक्षण कार्यों के साथ अन्य सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों से सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए खष्टी सिजवाली एवं अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत



# कुमाऊं विवि में हिमालय दिवस पर विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में सोमवार को हिमालय दिवस मनाया गया।

इस विशेष मौके पर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एस.एस. बर्गली ने हिमालय बचाओ की शपथ कराई। प्रो.बर्गली ने कहा कि हिमालय हमारा आधारभूत स्तंभ है।

संचालन करते हुए निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि हिमालय हमारी पर्यावरणीय संस्कृति है जो पर्वतराज के साथ हमें जीवन का आधार देते हैं। कार्यक्रम में डॉ. हेम जोशी, डॉ. हिमानी कार्की, दिशा उप्रेती, शिवांगी, पूजा, फि जा तथा आनंद सहित 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता चुघ ने भूरारानी में श्री गणेश महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया



**रुद्रपुर।** भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने भूरारानी वार्ड नंबर 32 में रिद्धि सिद्धि कमेटी द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव का वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाया जा रहा है,भगवान गणेश सभी के आराध्य हैं और प्रथम पूजनीय भगवान गणेश जी की आराधना से ही हर कार्य सिद्ध होता है। चुघ ने मंदिर में स्थापित भगवान गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी के मंगल जीवन की कामना की। इस दौरान पारस चुघ, बबलू सागर,चंद्र प्रकाश चुघ, नीलकंठ राणा, विजय सागर, आयोजन समिति के अजय सहनी, नंदकिशोर,हरि कृष्ण , कपिल सहनी, आशा पासवान, रस्तोगी पासवान, प्रमिला पासवान, राजपाल पासवान, नीतू सहनी,कैटरीना पासवान, कौशल्या सहनी, रीना सहनी ,रागिनी सहनी ,सुनीता सहनी, शांति सहनी, रीता सहनी, शोभित सहनी, रंजीत सहनी, अशोक सहनी,विनोद सहनी,राज कोली आदि मौजूद थे।

# गणेश महोत्सव में तीसरे दिन चित्रकला प्रतियोगिता




**हल्द्वानी।** प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश महोत्सव में तीसरे दिन चित्रकला प्रतियोगिता के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया चित्रकला प्रतियोगिता में 96 बच्चों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत समाज सेवी सतीश पाल प्रतीक पाल पूर्व राज्यमंत्री तरुण बंसल

थे। कार्यक्रम सयोजक हरिमोहन आरोड़ा मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया कल स्व सुरेंद्र नागर बॉबी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रयोगिता आयोजन किया जायेगा। पंडित विवेक शर्मा ने सुबह विधिविधान के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई। मुख्य यजमान के रूप में पंजाबी समाज के पदाधिकारी थे इस मौके अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता रूपेंद्र नागर दीपांशु शर्मा अशोक सिंधी रामरूप गुप्ता आन्दद गुप्ता दिनेश अग्रवाल अशोक मोंगा शुभम जायसवाल रोहन राजपूत पीयूष कुमार विनय कुमार पंकज गुम्बर शिव कपूर नन्द किशोर जायसवाल आदि मौजूद थे

# भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम में सौमित्र ने सितार वादन से किया मंत्रमुग्ध

**नैनीताल**


हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के संगीत विभाग में भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम श्रृंखला के तीसरे अध्याय का सफल आयोजन विभागाध्यक्ष डॉक्टर गगनदीप होठी द्वारा केयू आईएफ़आर प्रोजेक्ट के तहत किया गया। कार्यक्रम में नई दिल्ली के सुविख्यात कलाकार सौमित्र ठाकुर ने अपना सितार वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने पहले राग बसंत मुखारी में आलाप, जोड़ एवं तीन ताल में निबद्ध दो रचनाएँ प्रस्तुत कीं। उसके बाद उन्होंने वादन का समापन राग सूरदासी मल्हार से किया। उनके साथ तबले पर संगत देहरादून के उभरते तबलावादक चित्रांक पंत ने की। ऑल इंडिया रेडियो एवं दूरदर्शन के ए-ग्रेड के कलाकार



सौमित्र ठाकुर ने अपने कुशल सितारवादन से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन में बीएफ़ए पाठ्यक्रम की छात्रा खुशी उप्रेती द्वारा बनाए गए दोनों कलाकारों एवं मुख्य अतिथि के स्केच पोर्ट्रेट को भेंट कर किया गया।

सभागार में अत्याधिक संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ साथ परिसर निदेशक प्रोफ़ेसर नीता बोरा शर्मा, संकायाध्यक्ष कला संकाय प्रोफ़ेसर पदम सिंह बिष्ट, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफ़ेसर संजय पंत, प्रोफ़ेसर लता पांडे, प्रोफ़ेसर ललित तिवारी, प्रोफ़ेसर संजय घिल्डियाल, प्रोफ़ेसर आशीष मेहता, प्रोफ़ेसर नीलू लोधियाल, डॉक्टर विजय कृष्ण, डॉ रेखा साह, दिनेश डंडरियाल, श्रीमती गीता वर्मा, अभिराम पंत, डॉ हरिप्रिया पाठक, डॉक्टर लज्जा भट्ट, डॉ कपिल खुलबे, डॉ शिवांगी चन्याल, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉ हिमांशु लोहनी, डॉ दीपिका पंत, डॉ निधि वर्मा, डॉ ह्रदेश कुमार, डॉ हेम भट्ट, डॉक्टर भागवत कुमार, डॉ संध्या यादव, श्रीमती बबिता लोहनी, डॉक्टर लक्ष्मी धस्माना, पंकज पाठक, दीपेश पाठक, प्रदीप कुमार एवं भास्कर दत्त कापड़ी इत्यादि सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# अभिमत

## ऊर्जा प्रदेश में अंधेरा

*कई घंटे तक बिजली गुल होने पर सरकारी अस्पतालों में जनरेटर भी गर्म होकर बंद हो जाते हैं। नवजात शिशु और प्रसूताओं को मच्छर तथा गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ता है। गंभीर रूप से बीमार गर्मी से तड़पते रहते हैं। निजी अस्पतालों में बिजली कटौती होने पर तत्काल जनरेटर से आपूर्ति की जाती है। निजी अस्पतालों का महंगा खर्च हर व्यक्ति वहन नहीं कर सकता है। उत्तराखंड जल विद्युत निगम (यूजेवीएनएल)ने जिस दिन बिजली उत्पादन में नया रिकॉर्ड बनाने का दावा किया, उस दिन घंटों बिजली कटौती से लोग बेहाल हो गये।*

उत्तराखंड राज्य को ऊर्जा प्रदेश बताने का दावा किया जाता रहा है। राज्य का गठन होने से पहले आंदोलनकारी कहते थे कि गंगा, यमुना, सरयू जैसी नदियों के उद्गम देवभूमि में पनबिजली के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता से अधिक विद्युत उत्पादित होने पर अन्य राज्यों को बेचकर राजस्व प्राप्त किया जायेगा। राज्य का गठन होने पर उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश घोषित कर दिया गया। देश के बड़े औद्योगिक समूहों ने पर्याप्त बिजली मिलने की उम्मीद से उत्तराखंड के तराई में उद्योग स्थापित किये। वर्तमान में हालत यह है कि ऊर्जा प्रदेश में अंधेरा है। बिजली और पेयजल जैसी अत्यावश्यक जरूरत के लिए लोग परेशान हैं। बिजली कटौती का सबसे ज्यादा कुप्रभाव अस्पताल में भर्ती नवजात, वृद्ध तथा गंभीर बीमारों पर पड़ रहा है। कई घंटे तक बिजली गुल होने पर सरकारी अस्पतालों में जनरेटर भी गर्म होकर बंद हो जाते हैं। नवजात शिशु और प्रसूताओं को मच्छर तथा गर्मी का प्रकोप झेलना पड़ता है। गंभीर रूप से बीमार गर्मी से तड़पते रहते हैं। निजी अस्पतालों में बिजली कटौती होने पर तत्काल जनरेटर से आपूर्ति की जाती है। निजी अस्पतालों का महंगा खर्च हर व्यक्ति वहन नहीं कर सकता है। उत्तराखंड जल विद्युत निगम (यूजेवीएनएल)ने जिस दिन बिजली उत्पादन में नया रिकॉर्ड बनाने का दावा किया, उस दिन घंटों बिजली कटौती से लोग बेहाल हो गये। सिर्फ जल विद्युत परियोजनाओं से कोई भी राज्य ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो सकता है। पर्यावरणविदों के विरोध के कारण निर्माणाधीन कई जल विद्युत परियोजनाओं पर रोक लगा दी गई। बरसात में नदियों में सिल्ट आने से टरबाइन काम नहीं करती हैं और पनबिजली परियोजनाओं का उत्पादन बाधित हो जाता है। सर्दियों में ग्लेशियर पिघलते नहीं हैं और नदियों में जल स्तर गिर जाता है। गर्मी पड़ने पर भी नदियों का जल स्तर कम हो जाता है। जल विद्युत परियोजनाओं के विकल्प के रूप में गैस आधारित बिजलीघर स्थापित किये गये, लेकिन विद्युत उत्पादन की लागत अधिक होने से ऊर्जा वितरण खंड खरीद नहीं रहा है। अब सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। निम्न और मध्यम दर्जे के लोग आर्थिक रूप से सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की स्थिति में नहीं हैं। ज्यादातर लोगों का घर इतना छोटा है कि सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित नहीं हो सकता है। सरकार की कथनी-करनी में अंतर यह है कि उत्तराखंड के सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा संयंत्र नहीं लगे हैं। जिलाधिकारी और पुलिस विभाग भी सौर ऊर्जा का उपयोग नहीं कर रहे हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में ज्यादातर सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा संयंत्र हैं।

# लकड़ी तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल, फरार तस्करों की धरपकड़ की तेज

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

थाना गदरपुर क्षेत्र तराई केंद्रीय वन प्रभाग के पीपल पड़ाव रेंज में सागौन के पेड़ काट रहे तस्करों से हुई वन कर्मियों की मुठभेड़ में कई वन कर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक बंदूक, चार कारतूस बरामद किए है।

पुलिस फरार चल रहे 10 तस्करों की धरपकड़ में जुटी हुई है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि छह सितंबर की शाम तराई केंद्रीय वन प्रभाग पीपल पड़ाव क्षेत्र में सागौन के पेड़ काट रहे तस्करों ने वन विभाग की टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई के दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई थी। इस दौरान रेंजर रूप नारायण गौतम, फारेस्टर हीरा सिंह और आरक्षी कमल सिंह और शुभम शर्मा गोली लगने से घायल हो गए थे। गदरपुर थाने में तस्कर संगत सिंह उर्फ संगी, गुरमीत सिंह उर्फ गेजी, सर्वजीत सिंह उर्फ



छब्बी, संदीप सिंह और कुलदीप सिंह उर्फ किप्पी समेत छह-सात अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और एसओजी की चार टीमों के साथ ही वन विभाग की टीम ने उनकी तलाश शुरू कर दी थी। एसएसपी ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि एक तस्कर कलकत्ती के पास मुख्य रोड पर अब्दुल्ला नगर बार्डर के पास है। सूचना पर थानाध्यक्ष गदरपुर जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख तस्कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम हरिपुरा हरसान बाजपुर निवासी गुरमीत सिंह उर्फ गेजी पुत्र टहल सिंह बताया। एसएसपी ने बताया कि उसने वन विभाग की टीम पर अपने साथी वन तस्करों के साथ मिलकर फायरिंग की बात भी कबूल की।

तलाशी में उसके पास से 12 बोर की एक बंदूक, चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। एसएसपी ने बताया कि फरार तस्करों की गिरफ्तारी को पुलिस की कार्रवाई तेज हैं। उन्होंने जल्दी ही फरार तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया।

पुलिस टीम में एसआइ मुकेश मिश्रा, एसआई प्रकाश चंद्र, हेड कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल बलवंत सिंह,दर्शन सिंह, प्रवीण गोस्वामी, कुलदीप सिंह और कैलाश तोमक्याल आदि शामिल रहे।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरार तस्करों के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। पुलिस फरार तस्करों को जल्दी ही सलाखों के पीछे भेजेगी।

# दो गुट आपस में भीड़े, नौ लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में देर रात गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में दो गुट आपस में भीड़ गए। दोनों गुटों में मारपीट के चलते क्षेत्र में भंयकर हंगामा हो गया, जिस पर पुलिस की ओर से दोनों गुटों के 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर दी।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रयागराज से नैनीताल घूमने के लिए चार पर्यटक पहुंचे थे। पर्यटक देर रात 10 बजे मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में टहल रहे थे कि इसी दौरान उनके ऊपर किसी युवक ने शराब की बोतल फेंक दी जिस पर उनका आपस में विवाद हो गया। इस दौरान युवक की ओर से चार और युवक वहां पहुंच गए। विवाद बढ़ा तो दोनों गुटों में मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान युवकों ने प्रयागराज से आए पर्यटकों को पीट दिया। जिसके बाद पर्यटक भागकर कोतवाली पहुंच गए। कोतवाली पहुंचे पर्यटकों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की जिसके बाद पुलिस युवकों को भी पकड़ कर ले आई।

# पूर्व विधायक ठुकराल ने एडीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल कलेक्ट्रेट पहुंच एडीएम नजूल व प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय से मिले। इस दौरान ठुकराल ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने कहा कि शहर में एक गांधी पार्क है ,इसका का अंडर ग्राउंड पार्किग बना कर स्वरुप न बिगाड़ा जाए। क पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि पार्किंग बनाई गई तो विरोध होगा। उन्होंने एडीएम को अवगत कराया कि रुद्रपुर में सिब्बल सिनेमा के सामने,रिक्त पड़े सरकारी भूखण्ड पर या सिचाई विभाग की भूमि अथवा काशीपुर रोड पर सीरगोटिया बस्ती के साथ ट्रेनिग सेंटर रोड पर पड़े विशाल भूखण्ड पर अंडर ग्राउंड पार्किंग और मल्टीपरपज मार्केटिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराया व्यापक जनहित में है।

ठुकराल ने बताया कि गांधीपार्क के पास पानी बरसात के दिनों मे भरा रहने के कारण यहाँ अंडर ग्राउंड



पार्किंग सफल नही हो पायेगी। ठुकराल ने कहा कि धार्मिक, सामाजिक राजनैतिक आदि कार्यक्रम होने पर भारी भीड़ का वजन होने पर अंडर ग्राउंड पार्किंग के ऊपर लिटर भरभरा कर गिर सकता है।

अगले दो वर्षो तक इसका निर्माण कार्य होने से जन सामान्य का जनजीवन अस्तव्यस्त हो जायेगा। इसीलिए दशहरा मेला समेत राजनैतिक, धार्मिक सामाजिक व्यापारिक कार्यक्रमों को मददेनजर गांधी पार्क मे अंडर ग्राउण्ड पार्किंग जनहित मे नही बनाना चाहिए।

# NEWS / फटाफट

## यूनिवर्सल स्कूल में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत संवेदीकरण कार्यशाला



**हल्द्वानी।** यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानीमें सुरक्षित नारी शसक्त समाज बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत संवेदनशील कार्यशाला (जिला अधिकरी के निर्देशानुसार) महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, हल्द्वानी की ओर से आयोजित की गई। इस कार्यशाला की अध्यक्षता ऋचा सिंह (एडिशनल डायरेक्टर) द्वारा की गई। महोदया द्वारा लड़कियों की सुरक्षा को लेकर कई बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय की छात्राओं ने कार्यशाला में हल्द्वानी की सुरक्षा व्यवस्थाओं से जुड़े कई तरह के मामलों को साझा किया व साथ ही साथ यह भी बताया गया कि उन्हें किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षा द्वारा छात्राओं को आश्वस्त किया गया है कि तुरंत ही समस्याओं को हल किया जाएगा एवं बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया मंजू जोशी द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया व बताया गया कि किस तरीके से हम अपनी सुरक्षा कर सकते हैं। इस कार्यशाला में शिल्पा जोशी जी (बाल विकास परियोजना अधिकारी) ज्योती कोरंगा (सब-इंस्पेक्टर), यशोदा साह, तबस्सुम महोदया (काउन्सलर) आदि भी मौजूद रहे। और साथ ही साथ विद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में विद्यालय की कक्षा नौवीं से लेकर कक्षा 12 वीं तक की समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

## मेधावी खिलाड़ी दीपाली थापा ने स्वर्ण पदक जीता



**नैनीताल।** आबूधाबी में आयोजित एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 24 वर्ष से कम आयु वर्ग में 33 किलोग्राम भार वर्ग में नैनीताल की मेधावी खिलाड़ी दीपाली थापा ने स्वर्ण पदक जीता। बता दें कि कोरोना काल में दीपाली ने मुखर्जी निर्माण गुरुजी के सानिध्य में बनाई गई एनसीएस बॉक्सिंग अकादमी नैनीताल में बॉक्सिंग सिखाना शुरू किया। इस दौरान दीपाली ने गुरुजी के साथ ही अजय कुमार द्वारा बॉक्सिंग की बारीकियां सीखी। इस वर्ष अपने पहले ही बॉक्सिंग ट्रायल में उत्तराखंड राज्य से चयन करके नोएडा में राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड हासिल किया, यहीं से इंडिया कैंप में सेलेक्ट हुई दीपाली थापा का करवा यहीं नहीं रुका फि र आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे में सिलेक्शन हुआ, अब एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियन हो गई। इस उपलब्धि से गुरुजी मुखर्जी निर्माण, कोच अजय कुमार, अमित बिष्ट, चयनिका साह तथा एकेडमी के सभी बॉक्सर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह भी दीपाली की तरह ही नैनीताल तथा देश का नाम रोशन रोशन करेंगे। राज्य मुक्केबाजी सचिव गोपाल खोलिया, नवीन टम्टा, ललित प्रसाद ने भी खुशी जाहिर कि वह दिपाली को ओलिंपिक खेलने के लिए शुभकमनाएं दी। गुरुजी का भी सपना है कि दीपाली ओलंपिक में गोल्ड जीते। बता दें कि दीपाली के पिता रणजीत सिंह थापा वन विभाग में दरोगा हैं जबकि माता आशा थापा ग्रहणी हैं।

## पॉलीशिट वार्ड के तुलसीनगर में बंदरों का आतंक



**हल्द्वानी।** शहर के बीचोंबीच स्थित वार्ड-पांच पॉलीशिट के तुलसीनगर क्षेत्र में इन दिनों बंदरों ने आतंक मचा रखा है। बंदर आये दिन स्कूली बच्चों की ओर झपट रहे हैं। ऐसे में बच्चों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड के पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया ने बताया कि समस्या से नगर निगम व वन विभाग को अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल में की गई है। इधर समाजसेवी विक्रम अधिकारी ने कहा कि बंदरों के आंतक से लोगों का घरों से निकलना दूभर हो रहा है। उत्पाती बंदर घरों के भीतर तक घुस रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द बंदरों को पकड़ने की मांग की है।

# फिल्मी दुनिया

## आलिया की फिल्म को उनकी मॉम व सासू मां नीतू कपूर से मिली बधाई






*एक्शन ड्रामा से भरपूर आलिया भट्ट की आगामी फिल्म जिगरा की रिलीज को सिर्फ एक ही दिन बचा है। यह फिल्म 11 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। आलिया की मां सोनी राजदान और सासू मां नीतू कपूर ने उनकी फिल्म जिगरा को लेकर अपनी खुशी जाहिर की है। आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म जिगरा की रिलीज के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रही हैं। हाल ही में वेदांग रैना के साथ इस एक्शन थ्रिलर के कुछ पोस्टर और टीजर ट्रेलर लॉन्च किए गए। इन सभी पर आलिया को उनके रिश्तेदारों और परिवार से बहुत प्यार मिला। वहीं अब फिल्म जिगरा को लेकर आलिया की मां सोनी राजदान और आलिया की सासू मां नीतू कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम की स्टोरी पर आलिया को स्पोर्ट करते हुए उनकी इस फिल्म के लिए सबसे प्यारी बात कही है। 10 सितंबर, 2024 को नीतू कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जिगरा से आलिया भट्ट का पोस्टर साझा किया । पोस्टर में आलिया कैमरे की तरफ देखते हुए बेहद भावुक नजर आ रही हैं। नीतू ने अपनी इंस्टा स्टोरी के बैकग्राउंड में फिल्म का म्यूजिक भी लगाया और लिखा, हमारा जिगरा अपना पाने के लिए निकला है। आलिया की मां सोनी राजदान ने भी जिगरा के टीजर ट्रेलर की तारीफ की। इसे अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा करते हुए लिखा, यह एक अनोखा टीजर है, पूरी फिल्म देखने का और इंतजार नहीं कर सकती! सभी ने बहुत अच्छा काम किया है।*

## गाना आरडी बर्मन द्वारा रचित है

*इसमें फिल्म हरे रामा हरे कृष्णा के गाने फूलों का तारों का सबका कहना है एक हजारों में मेरी बहना है लिया गया है। यह गाना आरडी बर्मन द्वारा रचित और जिसे किशोर कुमार ने गाया था साथ ही इसके इसके बोल आरडी बर्मन और आनंद बख्शी ने लिखे थे। जिगरा में, गाने का संगीत अचिंत ने फिर से बनाया है और इसके बोल वरुण ग्रोवर ने लिखे हैं।*

News कॉर्नर

## महिलाओं पर हो रहे जघन्य अपराधों के विरोध में हस्ताक्षर अभियान



**नैनीताल ।** अखिल भारतीय महिला परिषद की ओर से देश में महिलाओं पर हो रहे जघन्य अपराधों के विरोध में चलाए गए विशेष हस्ताक्षर अभियान में नैनीताल नगर के सात हजार लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना विरोध जताया। दूसरी ओर मामले को लेकर परिषद के प्रतिनिधियों की जिलाधिकारी वंदना सिंह से वार्ता हुई,प्रतिनिधियों के मुताबिक उन्होंने भी परिषद का साथ देने की बात कही,इस दौरान जिलाधिकारी ने मामले को लेकर कई सुझाव भी परिषद प्रतिनिधियों को दिए जिस पर परिषद जल्द ही उन्हें अमल में लायेगी बाद में उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित हस्ताक्षर अभियान ज्ञापन भी सौपा। इस मौके पर परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी,निवर्तमान पालिका सभासद गजाला कमाल समेत रेखा त्रिवेदी, तारा बोरा,प्रिती शर्मा तथा मंजू कोटलिया आदि शामिल रहे।

## शिव शक्ति और अल्मोड़ा वॉरियर्स जीते

**अल्मोड़ा।** एचएनबी स्टेडियम में आयोजित विक्टोरिया प्रीमियर लीग के नौवें दिन के मैच शिव शक्ति और अल्मोड़ा वॉरियर्स की टीमों के नाम रहे। कमल बिष्ट और चिराग देउपा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सोमवार का लीग का पहला मैच गोल्डन बॉयज और शिव शक्ति के बीच खेला गया। शिव शक्ति ने गोल्डन बॉयज 148 रन ही बना सकी। दूसरा मुकाबला खेलते हुए अल्मोड़ा क्रिकेटर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 157 रन बनाए। अल्मोड़ा वॉरियर्स ने छह विकेट से मैच जीत लिया।

# आस्थाः भवाली में कलश यात्रा के साथ नंदा सुनंदा महोत्सव शुरू

**भवाली**

हमारे संवाददाता

नगर में सोमवार को महिलाओ द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ नंदा सुनंदा महोत्सव की शुरुआत हो गई। इसी दौरान राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र, छात्राओं ने छोलिया नृत्य पर सभी भक्तजन झूमने लगे। इसी दौरान बालिकाओं द्वारा शिव पर्वती, काली माता, माँ सुनंदा नंदा का मुख्य आकर्षक का केंद्र रहा। शोभा यात्रा में बाजर से रानीखेत रोड़, भीमताल रोड़, नैनीताल रोड़ में माँ के जयकारे लगाए गए। जिससे क्षेत्र भक्तिमय हो गया। छोलिया नृत्य देख लोग मंत्र मुग्ध हो गए। बच्चों ने पहाड़ की संस्कृति पर झांकिया निकाली। ओ नंदा सुनंदा तू देड़ है जाए माता गौरी नंदा तू देड़ है





जाए सुंदर भजन गाये। शोभा यात्रा में प्रतिभाग कर रहें छात्राओं को पुरस्कारीत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानचार्य रेखा आर्य ने कर रहें प्रतिभाग विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में रश्मि परिहार द्वारा शोभा यात्रा में पूर्ण योगदान रहा। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किए गए। वही देर शाम माँ नंदा सुनंदा मूर्ति निर्माण शुरू किया गया। इस दौरान नरेश पाण्डे, कंचन सुयाल, रोहित जोशी, लोकेश जोशी, पंकज भाकुनी, अभिषेक मेहता, एलड़ी पालीवाल मौजूद रहे ।

# रोडवेज बस में हुड़दंग मचा रहे चार हुड़दंगी पुलिस हिरासत में

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना पुलभट्टा क्षेत्र की चौकी बरा पुलिस ने डायल 112 की सूचना पर रोडवेज बस में सवार हुड़दंग मचा रहे चार हुड़दंगियों को हिरासत में लिया और उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया।

पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात पुलिस को डायल 112 से सूचना मिली कि टनकपुर से दिल्ली को ओर जा रही रोडवेज बस संख्या यूके 07 पीए-4232 में सवार चार लड़के हुड़दंग मचा रहे हैं। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी बरा पंकज कुमार ने बस को चौकी बरा पर रोका। चौकी प्रभारी ने बताया कि बस में बैठे 4 लडके हुड़दंग मचा रहे और झुमते हुए हो हल्ला कर रहे थे।जोर जोर से गाने गाकर अन्य सवारियो को परेशान कर रहे थे। पुलिस ने चारों को हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में



चारों ने अपने नाम पता रोहित भूरा पुत्र चतुर सिंह भुरा निवासी घुनाघाट थाना लोहाघाट,कमल सिह पुत्र सुन्दर सिह घुनाघाट थाना लोहाघाट,नीरज भंडारी पुत्र मिलाप सिह भंडारी निवासी मच्छयाण थाना रीठासाहिब,दीपक पुत्र रघुवर निवासी रीठासाहिब थाना रीठासाहिब बताया। चौकी प्रभारी ने बताया कि सभी जनपद चंपावत के है। चारों का मेडिकल परीक्षण कराया है। उन्होंने चारों को नशे में प्रतीत होना बताया। बस में बैठा कोई व्यक्ति और चालक परिचालक शिकायत के लिए तैयार नहीं हुए। जिस पर पुलिस ने स्वयं ही मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की है। बताया कि चारो के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सुगम और सुरक्षित यातायात को पुलिस का ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चला अभियान

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर जनपद में सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिए वृहद स्तर पर ओवरलोड वाहनों का चैकिंग अभियान चलाया गया।

इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर शिकंजा कसा गया। इस अभियान में 71 गाड़ियों का ओवरलोड में चालान तथा 45 वाहनों को सीज़ किया गया। एसएसपी ने जिले में सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिए सभी थाना प्रभारीयों को अपने-अपने थाना क्षेत्र वाहन चैकिंग संचालित कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई को निर्देशित किया। एसएसपी के निर्देश के बाद जनपद में पुलिस ने ओवरलोड के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 71 वाहनों का ओवरलोड में चालान की कार्रवाई की। इसके साथ ही पुलिस

**कार्रवाई**

- 71 वाहनों का ओवरलोड में चालान,45 वाहन सीज

45 वाहनों को यातायात नियमों के उल्लंघन में सीज किया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में ओवरलोड वाहन मिलने पर संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बिना नंबर व प्रेशर हॉर्न और पटाखा छोड़ने वाले वाहन स्वामी पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए।

# एसएसपी ने लंबित महिला संबंधित अपराधों समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने लंबित महिला संबंधित अपराधों की समीक्षा बैठक के दौरान विवेचनाओं को सफल अनावरण के लिए दिशा निर्देश दिए । इसके साथ ही उन्होंने नाबालिग बालिकाओं एवं बालकों के विरुद्ध घटित अपराधों के प्रति विशेष ध्यान देते हुए भी निर्देश दिए हैं।

एसएसपी ने सोमवार रात समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि अपराधों से संबंधित मामलों की जानकारी लेने के बाद संबंधित विवेचना अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में एसएसपी ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी से जनपद में अनैतिक देह व्यापार से संबंधित अभियोग और समस्याओं की जानकारी ली। इसी के साथ साथ

**निर्देश**

- लंबित विवेचनाओं को समय पर करें निस्तारण
- एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी को दिए अनैतिक देह व्यापार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

एसएसपी ने पारिवारिक पति-पत्नी के विवाद एवं समस्याओं को सुलझाने के लिए जनपद में कार्यरत महिला हेल्प सेल की प्रभारी से लंबित मामलों एवं प्रगति की प्रक्रिया की जानकारी लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

एसएसपी ने यह भी निर्देश दिए कि अपराधिक मामलों में हीलाहवाली रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा बैठक के दौरान एएसपी निहारिका तोमर समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## बीडी पांडे अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

**नैनीताल ।** साप्ताहिक अवकाश के बाद सोमवार को राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में भारी संख्या में मरीजों की भीड़ लगी रही। व्यवस्थाएं बनाने के लिए अस्पताल प्रबन्धन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बता दें कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन लगभग 500 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं लेकिन इस सोमवार को अस्पताल भारी मात्रा में मरीज पहुंचे थे जिसके चलते सुबह से शाम तक अस्पताल में मरीजों का जमावड़ा लगा रहा।

# नियमितीकरण की मांग को लेकर 68वें दिन भी धरना

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर सोमवार को 68वें दिन भी नियमितीकरण की मांग को लेकर अनूठे पर्यावरण संरक्षण के आंदोलन के तहत निगम मुख्यालय नैनीताल में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने मुख्यालय परिसर व केव गार्डन परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया वहीं सफाई अभियान चलाया।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहे आंदोलन में निगम की इकाइयों के परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया वहीं वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया व विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया । उन्होंने कहा कि आज उनके नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के द्वारा उल्काादेवी मंदिर वाटिका में विभिन्न प्रजाति के 100 पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण की मांग को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत किया जा रहा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मचारी अपनी अपनी इकाइयों में निगमहित व राज्यहित में कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में हर सिंह गोपाल बिष्ट, नरेंद्र थापा, पदम सिंह, विजय बोरा, वेद प्रकाश, महेश कुमार, सौरभ खोलिया, दीपक, राजेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

# श्री रामलीला मैदान हल्द्वानी में रामलीला संचालन को लेकर बैठक

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

श्री रामलीला मैदान, हल्द्वानी में श्री रामलीला संचालन समिति 2024 के सदस्यों की एक बैठक संरक्षक सिटी मजिस्ट्रेट ए.पी. बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 17 सितंबर, मंगलवार को ध्वज स्थापना की तैयारी के संबंध में चर्चा हुई। रामलीला कमेटी के व्यास पंडित गोपाल भट्ट ने बताया कि श्राद्धों से पूर्व ही रामलीला मंचन के लिए ध्वजा स्थापित कर इसका विधिवत शुभारंभ कर दिया जाता है। संरक्षक सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेई द्वारा बताया गया कि आगामी 28 सितंबर से रामलीला मैदान में श्री गणेश पूजन के साथ रामलीला का विधिवत मंचन शुरू कर



दिया जाएगा। संचालन समिति की बैठक में सदस्यों द्वारा नगर की धर्म प्रेमी जनता व गणमान्य लोगों से कुमाऊं की प्राचीनतम रामलीला में हर प्रकार का सहयोग और समय देने का आग्रह किया गया। रामलीला संचालन समिति के सदस्य विवेक कश्यप ने बताया कि हर वर्ष आम लोगों के सहयोग से ही दिन और रात्रि लीला का यहां पर मंचन किया जाता है।

बैठक में संचालन समिति के सदस्य विवेक कश्यप, तनुज गुप्ता, बिंदेश गुप्ता, गोपाल पाल, विजय भट्ट, हितेश पांडे, अतुल अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, भवानी शंकर नीरज, भोलानाथ केसरवानी, अजय राजौर, रूपेंद्र नागर ,अरुण अग्रवाल पिंटू ,मनोज गुप्ता पार्षद, दिनेश गुप्ता, विनीत अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।